सेन्ट्रल एकेडमी ऑफ स्टेट फोरेस्ट सर्विस (CASFOS), बरनीहाट, असम के प्रशिक्षु अधिकारियों (फॉरेस्ट रेंज आफिसर्स, FRO) के 2015-16 बैच का आफरी भ्रमण

सेन्ट्रल एकेडमी ऑफ स्टेट फोरेस्ट सर्विस **(CASFOS)** बरनीहाट, असम के 2015-16 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों (फॉरेस्ट रेंज आफिसर्स, FRO) के 39 सदस्यीय दल ने दिनांक 10 दिसम्बर, 2015 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर का भ्रमण कर वानिकी शोध के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर आफरी के निदेशक श्री एन.के. वासु भा.व.से. ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को क्षेत्र की पारिस्थितियों के सूक्ष्म अध्ययन द्वारा अनुभव व बेहतर कार्य प्रणाली विकसित करने व नवीन तकनीक को अपनाने की सलाह दी। श्री वासु ने वन्य जीवों व वानिकी में अपने अनुभवों के बारे में भी प्रशिक्षु अधिकारियों को बताया। वन पारिस्थितिकी प्रभाग के डॉ. जी. सिंह, वैज्ञानिक-जी, ने आफरी में विभिन्न प्रभागों द्वारा चलाई जा रही नई परियोजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन सम्बन्धी जानकारियां देने के साथ प्रशिक्षु अधिकारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। इनमें टिब्बा स्थरीकरण (Sand Dune Stabilization), कृषि वानिकी (Agro Forestry), वृक्ष सुधार (Tree Improvement), अकाष्ठ वनोपज उत्पाद (Non Timber Forest Produce), मृदा एवं जल प्रबन्धन (Soil and Water Management) व खेजड़ी-प्रोसेपिस सिनेरेरिया मृत्यता (Khejri-Prosopis cineraria Mortality) इत्यादि के बारे विस्तार से जानकारी दी।

इसके पश्चात डॉ. बिलास सिंह, वैज्ञानिक-बी (कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग) ने प्रशिक्षु अधिकारियों को आफरी के विस्तार व निर्वचन केन्द्र और नर्सरी का भ्रमण कराकर विभिन्न शोधों की जानकारी दी।

SAND DUNE STABILIZATION

विस्तार एवं निर्वचन केन्द्र